# विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 1553/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/शिक्षक /8362/2020–21 दिनांक 04 जनवरी 2021 के निर्देश के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, संतकबीर नगर के अनुमोदन दिनांक 06.07.2021 के अनुपालन में जनपद संतकबीर नगर के 7 विकास खण्डों में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खलीलाबाद मेहदावल व् सांथा,बघौली ,सेमारियावा, हैसरबाजार ,नाथनगर, में रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु निम्नवत आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | पदनाम | विषय | शैक्षिक योग्यता | मानदेय प्रतिमाह (रूपये में) | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | कुल रिक्तियां |
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | गणित | पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000 | 5 | 1 | 1 | 7 |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | विज्ञान | जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000 | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 3 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | अंग्रेजी से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | भाषा | हिन्दी एवं संस्कृत से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000 | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 5 | अंश कालिक शिक्षक/ शिक्षिका | कला काफ्ट एवं संगीत/ गृहशिल्प | कला काफ्ट एवं संगीत/ गृहशिल्प से स्नातक उपाधि सहित एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 9800 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 6 | अंश कालिक शिक्षक/ शिक्षिका | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा | बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि | 9800 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 7 | अंश कालिक शिक्षक/ शिक्षिका | कम्प्यूटर | प्रशिक्षित स्नातक एवं एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0, पी0जी0डी0सी0ए0/बी0सी0ए0/बी0एस0 सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ ए लेवल डिप्लोमा आदि | 9800 | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 8 | सहायक रसोइया | --- | कक्षा–8 उत्तीर्ण | 5175 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| | | | योग | | 17 | 1 | 4 | 22 |

**आवश्यक निर्देश–**

1. पूर्ण कालिक शिक्षिकाओं के पदो के लिए निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा।
2. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हों, उन शिक्षकों को चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या/के0जी0बी0वी0/3–2/1916/

2013–14 दिनांक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षकों के लिए टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं होगी। आवेदक को तत्सम्बन्धी प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. कला क्राफ्ट एंव संगीत आदि विषयों के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृहशिल्प के शिक्षक/शिक्षिका का पद कला, क्राफ्ट एवं संगीत के पद के अन्तर्गत ही माना जायेगा।
4. बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 तथा डी0पी0एड0 आदि उपाधियां केवल शारीरिक शिक्षा के अध्यापन हेतु मान्य होगी किन्तु शारीरिक शिक्षा पद पर चयन हेतु बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 तथा डी0पी0एड0 अभ्यर्थियों हेतु टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं होगी।
5. सहायक रसोइया हेतु शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण होगी तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
6. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रहे हों, उन्हें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 अंक अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 अंक से अधिक नहीं दिया जायेगा।
7. समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल 2021 को 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल 2021 को 45 वर्ष से अधिक न हो, किन्तु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धारित अहर्ता रखते हों, किन्तु शैक्षिक वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हो, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर उन्हें चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
8. उपरोक्त पदों में आरक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्राविधानों के अन्तर्गत देय होगा।
9. शैक्षिक अंकपत्र/प्रमाणपत्र/अनुभव प्रमाणपत्र तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अद्यतन जाति प्रमाण पत्र स्व–प्रमाणित होना चाहिए।
10. चयन के सम्बन्ध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय अंतिम निर्णय माना जायेगा।
11. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में फुलस्केप कागज पर एक ही पृष्ठ पर होना अनिवार्य है। अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/निर्धारित प्रारूप से इतर आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे, जिसके लिए सम्बन्धित अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
12. एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे। लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम व विषय का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये।
13. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाणपत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी0) सामान्य निवास प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, उच्च प्राथमिक स्तर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी0) प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ अपना स्वयं का पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के निर्धारित शुल्क के डाकटिकट लगे हुए संलग्न करें। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
14. विज्ञप्ति के साथ आवेदन पत्र के प्रारूप में कोई परिवर्तन/परिवर्धन अमान्य होगा। आवेदन पत्र में उल्लिखित सूचनाओं में कोई भी परिवर्तन बाद में स्वीकार नहीं होगा। अतः सभी सूचनाएं निर्धारित स्थान पर स्वच्छता से अंकित की जाये।
15. केवल स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक से ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। साधारण डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
16. किसी भी सेवा, संस्था एवं कार्यालय से बर्खास्त, अपराधिक, नैतिक/चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति आवेदन एवं चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे। इस हेतु अन्तिम शैक्षिक संस्था/किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
17. रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है तथा किसी भी पद के लिए विज्ञापन निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

18. उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद के बेवसाइट www.sknagar.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है।
19. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 26.07.2021 के सायं 5:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी– संतकबीर नगर , पिन कोड–272175 को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं।
20. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टाफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, अंश कालिक शिक्षक/शिक्षिका, उर्दू शिक्षक/शिक्षिका के पद पर चयन मेरिट के आधार पर काउन्सिलिंग कराया जायेगा। सहायक रसोइया के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। काउन्सिलिंग/साक्षात्कार हेतु कोई भी मार्ग व्यय अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
21. पूर्णकालिक शिक्षिका, सहायक रसोइया के पद पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।
22. चयनित अभ्यर्थिनी पूर्णकालिक शिक्षिका, सहायक रसोइया को विद्यालय के छात्रावास में ही आवासीय रूप में निवास करना अनिवार्य है।
23. उक्त समस्त पद एक शैक्षिक सत्र (11 माह 29 दिन) के लिए संविदा पर आधारित होंगे तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदन के उपरान्त संविदा विस्तार किया जायेगा अन्यथा नहीं।
24. विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नहीं होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान के अधीन रहेगी। उपरोक्त समस्त चयन मा0 न्यायालय में योजित याचिकाओं में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन होगा।

**(सत्येन्द्र कुमार सिंह)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
संतकबीर नगर

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी– संतकबीर नगर**

पृ0सं0/एस0एस0ए0/बालिका शिक्षा/2134 - 37 /2021–22 दिनांक 09/07/2021

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीर नगर
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीर नगर
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, संतकबीर नगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद के बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. ब्यूरोचीफ दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान एवं अमर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञापन अपने सम्मानित समाचार पत्र में न्यूनतम आकार में प्रकाशित कर साथ ही बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
संतकबीर नगर

# आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम........................................................................................................................
2. विषय (केवल पूर्ण कालिक शिक्षिकाओं व अंश कालिक शिक्षक/शिक्षिकाओं हेतु)..........................
3. अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का पूरा नाम (हिन्दी में)........................................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में).......................................................................................
4. पिता का नाम..............................................पति का नाम.......................................................
5. जन्मतिथि..............................................................................................................................
6. आयु (1 अप्रैल 2021 को हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण पत्र के आधार पर) वर्ष.........माह.........दिन....
7. जाति (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनु0जन जाति).........................................
8. गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित).......................................................................................
   पिन कोड–..................................................दूरभाष/मोबाइल नं0–...........................................
9. पत्र व्यवहार का पता (थाना सहित)................................................................................................
   पिन कोड–..................................................दूरभाष/मोबाइल नं0–...........................................

फोटो

10. शैक्षिक योग्यता–

| क0सं0 | शैक्षिक योग्यता | संस्था/बोर्ड/वि0वि0 का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक | | | | | | |
| 5 | उ0प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0 | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | |

11. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षण का अनुभव (प्रमाणित प्रमाण–पत्र संलग्न करें)।

| क0सं0 | के0जी0बी0वी का नाम | प्रथम संविदा तिथि | अंतिम संविदा तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिन | माह | वर्ष |
| | | | | | | |

12. संलग्नकों का विवरण–

| | |
|---|---|
| 1– | 6– |
| 2– | 7– |
| 3– | 8– |
| 4– | 9– |
| 5– | 10– |

**घोषणा–पत्र**

मै ..................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी.................................................... शपथ पूर्वक यह घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन पत्र में उक्तवत दिये गये समस्त जानकारी पूर्णतया सत्य है एवं किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जांचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य/प्रमाण पत्र फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर जनपदीय चयन समिति/सक्षम प्राधिकारी को मेरा/मेरी सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि से मेरे पास उपलब्ध है।

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का पूर्ण हस्ताक्षर

दिनांक.....................................